कार्यालय मुख्य वन सरंक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
पत्रांक– 1781 /11–सी–FP/UP/Road/52116/2020, लखनऊ, दिनांकः जनवरी 22 ,2021

सेवा में,

वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक,
बुन्देलखण्ड वृत्त,
झांसी।

विषयः– जनपद–झांसी में झांसी–बबीना–ललितपुर राष्ट्रीय राजमार्ग सं0–26 (नया एन0एच0–44) के किमी0 सं0–0.0 से 3.0 तक चौड़ीकरण/फोरलेन में प्रभावित 4.20 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 344 वृक्षों के पातन की अनुमति के संबंध में।

सन्दर्भः– आपका पत्रांक–1998/33–1, दिनांक 20.01.2021

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा विषयगत प्रस्ताव इस कार्यालय को प्राप्त हुआ। प्रस्ताव के परीक्षणोपरान्त ऑनलाइन व हार्डकापी में निम्नलिखित कमियॉ/अभिलेखों का आभाव पाया गयाः–

1. प्रस्ताव में प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष के पत्रांक–1428/11–सी, दिनांक 16.12.2020 के क्रम में संलग्न किया DSS Analysis प्रमाण पत्र वन संरक्षक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित नहीं किया गया है।
2. प्रस्तावित वनभूमि का प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा सत्यापित श्वेत श्याम वर्ण का Geo Refferenced Digital Map संलग्न है जोकि स्वीकार्य नहीं है। अतः प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा सत्यापित रंगीन Geo Refferenced Digital Map मूल में संलग्न करें।
3. पावर ऑफ एर्टोनी/ऑथारिटी पत्र प्रस्ताव में संलग्न नहीं किया गया है।
4. गजट नोटिफिकेशन की प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा सत्यापित छायाप्रति संलग्न है किन्तु मार्ग चिन्हित नहीं है।
5. प्रस्ताव में संलग्न किया गया त्रुटिपूर्ण ऑनलाइन पार्ट–1 प्रस्ताव से पृथक करते हुये संशोधित ऑनलाइन पार्ट–1 प्रस्ताव में संलग्न करें।

अतः कृपया किसी कार्यदिवस में अपने कार्यालय प्रतिनिधि के द्वारा प्रस्ताव की 03 प्रतियॉ प्राप्त कराकर, इंगित कमियों का निराकरण के पश्चात् पूर्ण संशोधित प्रस्ताव इस कार्यालय को 03 प्रतियों में उपलब्ध करायें, ताकि आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

भवदीय

(अनुपम गुप्ता)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

संख्या– 1781 /11–सी–FP/UP/Road/52116/2020, दिनांकित।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रभागीय वनाधिकारी झांसी वन प्रभाग, झांसी।
2. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड (भवन विंग) लोक निर्माण विभाग, झांसी।

(अनुपम गुप्ता)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

Acy-100